कन्नौज संसदीय सीट के गठन के बाद वर्ष 1967 में हुए चुनाव में समाजवादी चिंतक डा. राममनोहर लोहिया ने कांग्रेस के सत्य नारायण मिश्रा को पराजित किया था।

कन्नौज में अब मुलायम सिंह की तीसरी पीढ़ी मैदान में

वर्ष 1998 से 2019 तक कन्नौज लोकसभा सीट पर काबिज रही सपा

अमित कुशवाहा ● जागरण

कन्नौज : सपा का गढ़ कही जाने वाली कन्नौज लोकसभा सीट पर अब मुलायम सिंह यादव की तीसरी पीढ़ी ने इंट्री की है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपनी कर्मभूमि कन्नौज सीट पर पत्नी डिंपल के बाद अपने चचेरे बड़े भाई के पुत्र तेजप्रताप यादव को चुनाव मैदान में उतारा है। सैफई परिवार के व्यक्ति के मैदान में उतरने से सीट पर सियासी लड़ाई दिलचस्प हो गई है। तेज प्रताप का सामना भाजपा के सुब्रत पाठक और बसपा के इमरान बिन जफर से होगा।

कन्नौज संसदीय सीट के गठन के बाद वर्ष 1967 में हुए चुनाव में समाजवादी चिंतक डा. राममनोहर लोहिया ने कांग्रेस के सत्य नारायण मिश्रा को पराजित किया था। सीट से सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव का बेहद लगाव रहा। वर्ष 1998 में मुलायम सिंह यादव ने बिधूना में रहने वाले करीबी युवा नेता प्रदीप यादव को मैदान में उतारा। प्रदीप यादव ने यहां से जीत दर्ज की। इसके बाद वर्ष 1999 में हुए चुनाव में कन्नौज और संभल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा। दोनों जगह से चुनाव जीतने के बाद मुलायम सिंह ने कन्नौज से इस्तीफा दे दिया। 2000 में हुए उपचुनाव में बेटे अखिलेश यादव को राजनीति में इंट्री कराई, तो जनता ने ऐतिहासिक मतों से जीत दर्ज कराई। वर्ष 2004 और 2009 में भी जीत दर्ज करके अखिलेश यादव ने हैट्रिक लगाई। प्रदेश में पूर्ण बहुमत से विधानसभा चुनाव में सपा को मिली जीत के बाद मुलायम सिंह ने बेटे अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया, तो उन्होंने कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से इस्तीफा दे दिया। वर्ष 2012 में हुए उपचुनाव में पत्नी डिंपल यादव को निर्विरोध सांसद बनाया। डिंपल यादव ने 2014 में मोदी लहर के बीच भी चुनाव में जीत दर्ज की, लेकिन वर्ष 2019 में हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक से डिंपल यादव को हार मिली। इससे यह सीट अब भाजपा के कब्जे में है। अब अखिलेश यादव ने भतीजे तेज प्रताप को यहां मैदान में उतारा है। सैफई परिवार के व्यक्ति के चुनाव लड़ने से पार्टी के नेताओं में उत्साह है। फिलहाल इस सीट से अखिलेश यादव ने खुद चुनाव लड़ने की दावेदारी की थी। उनके चुनाव न लड़ने से सपा नेताओं में मलाल भी है।

2004 में तेज प्रताप ने शुरू किया था अपना राजनीतिक करियर

जासं, इटावा : कन्नौज से समाजवादी पार्टी के घोषित किए गए प्रत्याशी तेज प्रताप सिंह यादव ने अपना राजनीतिक करियर वर्ष 2004 में शुरू किया था। सबसे पहले वे क्षेत्र पंचायत सदस्य सैफई से निर्विरोध चुने गए थे। वर्ष 2012 में सैफई के ब्लाक प्रमुख निर्विरोध चुने गए थे। उन्होंने दिल्ली के दिल्ली पब्लिक स्कूल से स्कूली शिक्षा ग्रहण की है। वर्ष 2005 में इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। 2008 में एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा से बीकाम किया था। उसके बाद वर्ष 2009 में लंदन की लीड्स यूनिवर्सिटी से एमबीए की डिग्री हासिल की थी।

वे सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के बड़े भाई रतन सिंह यादव के पौत्र हैं। उनके पिता रणवीर सिंह यादव सैफई महोत्सव के संस्थापक रहे हैं। रणवीर सिंह यादव का निधन 2002 में हो गया था। उसके बाद तेज प्रताप ने उनकी कमान संभाली थी। उनकी मां मृदुला यादव इस समय सैफई की ब्लाक प्रमुख हैं। वे 2014 में मैनपुरी लोकसभा से उपचुनाव में पहली बार सांसद चुने गए थे। मैनपुरी लोकसभा सीट का सारा काम वे ही देखते थे। उनकी शादी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पुत्री राज लक्ष्मी यादव से वर्ष 2015 में हुई थी। उनकी शादी में उन्हें आशीर्वाद देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी आए थे। इस दौरान एक ही मंच पर मुलायम सिंह यादव, लालू प्रसाद यादव ने नरेन्द्र मोदी का स्वागत भी किया था। उनका जन्म 21 नवंबर 1987 को हुआ था।

तेज प्रताप सिंह फाइल फोटो ● जागरण

- वर्ष 2012 में निर्विरोध चुने गए थे सैफई के ब्लाक प्रमुख

कम हुई साइकिल की रफ्तार

कन्नौज संसदीय सीट का गठन 1967 में हुआ था। इसमें कन्नौज सदर, उमर्दा, छिबरामऊ, भरथना और बिधूना विधानसभा सीट शामिल थी। इटावा की भरथना सीट सपा का गढ़ होने से सपा प्रत्याशी की जीत होती थी। 2009 में हुए परिसीमन में भरथना को अलग कर दिया था। सपा को जीत तो मिली,पर अंतर कम हो गया। इस सीट में रसूलाबाद व बिधूना को शामिल किया गया।

अखिलेश के चुनाव न लड़ने से इंटरनेट मीडिया पर भाजपा का तंज

जागरण संवाददाता, कन्नौज : संसदीय सीट से खुद चुनाव लड़ने का दम भरने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भतीजे को चुनावी मैदान में उतारा। इससे अब इंटरनेट मीडिया पर भाजपा नेता से लेकर कार्यकर्ता तरह-तरह की पोस्ट शेयर कर सपा मुखिया पर खूब तंज कस रहे हैं।

करीब एक साल से सपा मुखिया अखिलेश यादव कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की बात कह रहे थे। हाल में ही उन्होंने यहां से चुनाव लड़ने के संकेत दिए थे। सोमवार को भतीजे तेज प्रताप यादव का नाम फाइनल करने के बाद जिले में सियासी और गर्म हो गया। इंटरनेट मीडिया पर भाजपा नेता और कार्यकर्ता हार के डर अखिलेश यादव के कन्नौज छोड़ने का तंज कस रहे हैं। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की ओर से प्रचलित की जा रही पोस्ट पर सपा के लोग भी पलटवार कर रहे हैं। इससे इंटरनेट मीडिया पर दोनों दलों के बीच चुनावी जंग छिड़ गई है।

- हार के डर से कन्नौज छोड़कर जाने से लेकर कई तरह की प्रचलित हुईं पोस्ट, सपा नेता कर रहे पलटवार

अब और अधिक मतों से मिलेगी जीत : सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान का कहना है कि कन्नौज सपा का गढ़ रहा है। सपा मुखिया के सामने व्यस्तता रहती है। इससे उन्होंने परिवार के ही व्यक्ति को यहां से लड़ाने का फैसला लिया है। सपा प्रत्याशी तेज प्रताप यहां जनता के बीच रहेंगे। इससे अब ऐतिहासिक जीत होगी। बूथ स्तर पर कार्यकर्ता उत्साह के साथ मेहनत कर रहे हैं। यह मेहनत ही कमाल करेगी।

सपा जिलाध्यक्ष पर भड़के कार्यकर्ता

संवाद सूत्र जागरण ● सौरिख : प्रत्याशी घोषित होने के बाद कस्बा के चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओं की सपा जिलाध्यक्ष से कहासुनी हो गई। आरोप लगाया कि जिलाध्यक्ष की ओर से हाईकमान को सही रिपोर्ट नहीं भेजी गई। इससे अखिलेश यादव यहां से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।

कस्बा में आइएनडीआइए गठबंधन के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ हुआ। इसी दौरान कन्नौज लोकसभा से तेज प्रताप सिंह के चुनाव लड़ने की कार्यकर्ताओं को जानकारी मिली। मौजूद सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान पर कुछ कार्यकर्ता से कहासुनी हो गई। सपा सेक्टर प्रभारी सुमित यादव ने कहा कि जिलाध्यक्ष द्वारा प्रदेश मुख्यालय पर सही रिपोर्ट न भेजने से राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्नौज से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। अगर इनके द्वारा सही रिपोर्ट भेजी जाती तो, तेज प्रताप सिंह की जगह अखिलेश यादव प्रत्याशी होते। सपा जिलाध्यक्ष के पक्ष में आए कार्यकर्ताओं की आरोप लगाने वाले लोगों से भी कहासुनी शुरू हो गई। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें शांत किया। सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि कुछ कार्यकर्ताओं ने चुनाव के संबंध में सुझाव दिए हैं। सुझाव को लेकर बहस हुई है। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने सपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने का संकल्प लिया।

- जिलाध्यक्ष पर रिपोर्ट सही न भेजने के लगाए आरोप, हुई कहासुनी, वरिष्ठ नेताओं ने समझाकर किया शांत

कन्नौज में मैंने कहा भाजपा जीतेगी तो मैदान छोड़ गए अखिलेश : ब्रजेश पाठक

संसू, जागरण ● अचलगंज (उन्नाव) : उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कन्नौज सीट से सपा प्रमुख के खुद के बजाय अपने भतीजे तेज प्रताप सिंह यादव को चुनाव मैदान में उतारने पर तंज कसा। बोले, कन्नौज में मैंने कहा था कि भाजपा जीत रही है, जिसके बाद अखिलेश यादव चुनाव मैदान छोड़कर भाग गए। इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए पाठक ने कहा कि सभी दल घोटालों में डूबे हैं। कांग्रेस का खेल घोटाला, दिल्ली का आबकारी घोटाला व चारा घोटाला में गठबंधन के नेता सजा भुगत रहे हैं। भाजपा के दस साल कार्यकाल के दौरान कोई अंगुली नहीं उठा पाया।

सोमवार को सिकंदरपुर कर्ण स्थित परिमल वाटिका में विधायक आशुतोष शुक्ल के संयोजन में बूथ अध्यक्ष व

बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य ● जागरण

पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने साक्षी महाराज को भारी बहुमत से जिताने के लिए कमर कसने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन घोटालेबाजों की मंडली है। मनमोहन सिंह के दस वर्षों के कार्यकाल की तुलना मोदी से करें तो जमीन आसमान का अंतर है।

नया शैक्षिक सत्र शुरू

जासं, औरैया : तिलक महाविद्यालय में सोमवार को नए शैक्षिक सत्र 2024-25 की शुरुआत हुई। प्राचार्य डा. रवि कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि नए शैक्षिक सत्र में छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित हैं। इंटरमीडिएट का परीक्षा फल घोषित होने के बाद बीए, बीएससी, बीकाम में प्रवेश आरंभ कर दिए गए हैं। डा. वीणा पांडे, डा. पल्लवी सिंह, विभा पुरवार, डा. विकास दुबे आदि थे।

मेरा पहला वोट

शिक्षित को करूंगा वोट

इटावा : मैं पहली बार मतदान करने के लिए काफी उत्साहित हूं। अपने

मत का प्रयोग एक स्वस्थ व मजबूत सरकार बनाने के लिए करूंगा, इसी के साथ ऐसे प्रत्याशी को वोट करूंगा जो शिक्षित और बेदाग छवि का हो, जो जरूरत पड़ने पर हर किसी के साथ खड़ा हो और मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान दे।

पुनीत पाठक, लालपुरा

जागो वोटर

लोकतंत्र की सफलता तभी जब सभी करें मतदान

इटावा : अगर मैं अकेले वोट न दूं तो क्या फर्क पड़ता है। यह मतदान की



छुट्टी है, इस छुट्टी का आनंद लें। यह विचार नकारात्मकता की पराकाष्ठा है। लोकतंत्र की सफलता तभी होगी जब लोग मतदान करेंगे।

डा. अमित कुमार पांडेय, शिक्षक

शक्ति प्रदर्शन के साथ बसपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

जागरण संवाददाता, कन्नौज : लोकसभा चुनाव के लिए अब सियासी दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन करना शुरू कर दिया है। शक्ति प्रदर्शन के साथ बसपा प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद उन्होंने भाजपा और सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों दलों ने क्षेत्र की जनता को धोखा दिया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में विकास नहीं किया। इससे वह विकास के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे। इस बार मतदाता बसपा के पक्ष वोट करेंगे।

बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर के नामांकन के लिए सुबह 11 बजे शहर के काजी टोला में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नेता एकत्र हुए। यहां बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर बसपा प्रत्याशी काफिले के साथ कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुए।

इसमें कारों और बाइकों से कार्यकर्ता शामिल हुए। पुलिस ने तिर्वा रोड पर फ्लाईओवर के पास जुलूस को रोक दिया। यहां से सिर्फ तीन कारों से प्रस्तावकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर ने नामांकन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष बबलू गौतम उनके साथ रहे। उनके लौटने तक कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के बाहर इंतजार में झंडे-बैनरों के साथ डटे रहे। बसपा प्रत्याशी ने कहा कि इससे पहले उन्होंने वर्ष 2014 में भी चुनाव लड़ा था, कम समय के कारण जीत नहीं मिली। कन्नौज सपा का गढ़ रहा है, इसके बाद भी विकास नहीं हुआ है। भाजपा सांसद सुब्रत पाठक सिर्फ सुर्खियों में रहने के लिए बड़े-बड़े वादे करते हैं। उन्होंने भी क्षेत्र में किसी तरह के काम नहीं किए हैं। इससे जनता परेशान है। वह विकास के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में इस बार जनता बसपा को वोट देगी। इससे वह ऐतिहासिक मतों से जीत दर्ज करेंगे।



कलेक्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में रिटर्निंग आफिसर शुभ्रान्त कुमार शुक्ल को नामांकन पत्र देते बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर ● सौजन्यः सूचना विभाग

- नामांकन के बाद बोले, सपा और भाजपा ने जनपद में नहीं किया कोई काम, विकास मुद्दे पर जाएंगे जनता के बीच

इमरान की पत्नी के पास है 350 ग्राम सोना

जागरण संवाददाता, कन्नौज : बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से वर्ष 2001 में स्नातक किया है। पत्नी सुमैया गृहणी हैं। इमरान बिन के पास नकद 50 हजार रुपये है। बैंक खाते में पांच लाख रुपये हैं। उनके पास तीन कार और एक बाइक है। कारों के साथ उन्हें असलहों का शौक है। उनके पास एक पिस्टल और डबल बैरल बंदूक है। बसपा प्रत्याशी की पत्नी सुमैया के पास भी 50 हजार रुपये हैं। सुमैया के बैंक खाते में तीन लाख रुपये हैं। 350 ग्राम सोना है। इसकी करीब 22 लाख कीमत है। जेके कालोनी जाजमऊ कानपुर में 200 वर्ग मीटर भूमि है। क्रय के समय भूमि 40 लाख रुपये थी। मौजूदा समय इसकी कीमत करीब 50 लाख रुपये है। इमरान की कुल संपत्ति 37,85,000 रुपये की है। वहीं पत्नी सुमैया की 25,50,000 रुपये है। वर्ष 2019 से 31 मार्च 2024 तक इमरान बिन कुल आय 4,99,740 है, जबकि पत्नी सुमैया की 4,35,200 है।

भाजपा को हमारे सैफई परिवार से परेशानी, परिवार फिर जीतेगा : शिवपाल

जागरण संवाददाता, फर्रुखाबाद : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा के खिलाफ जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा को हमारे सैफई परिवार से दिक्कत है, परिवार फिर जीतेगा। श्री राममंदिर के मामले पर कहा कि हनुमान सहित सभी देवी-देवता हमारे व समाजवादियों के दिल में हैं। चुनाव में हो रही गड़बड़ियों की शिकायत वह चुनाव आयोग से कर रहे हैं। आयोग को कार्रवाई करनी चाहिए।

सोमवार को गांव कुइयां बूट में सपा प्रत्याशी डा. नवल किशोर शाक्य के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करने के दौरान शिवपाल सिंह यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आइएनडीआइए जीतेगा और गठबंधन का ही प्रधानमंत्री बनेगा। सरकार विपक्षी नेताओं पर ईडी, सीबीआइ व इनकम टैक्स की छापेमारी कर प्रताड़ित कर रही है।

नगला खैरबंद में चुनाव कार्यालय के शुभारंभ पर संबोधित करते सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ● जागरण

मेंहदी लगा मताधिकार के प्रति किया जागरूक

जागरण संवाददाता, औरैया: चुनाव आयोग की तरफ से अधिक से अधिक मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रयोग करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम विभिन्न विद्यालयों में करवाया जा रहा है। जिसके तहत गजेंद्र सिंह पब्लिक डिग्री कालेज बिधूना, सर्वोदय इंटर कालेज साफर, चंद्र प्रकाश शुक्ल इंटर कालेज औरैया, सिंह वाहिनी महाविद्यालय आदमपुर अजीतमल, सेंट जोसेफ एनटीपीसी दिबियापुर, श्री गुलजारीलाल बालिका इंटर कालेज फफूंद, वैदिक इंटर कालेज, जिला पंचायत विद्यालय उमरैन, नारायण इंटर कालेज मल्हौसी, स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज सहायल, इंदिरा गांधी इंटर कालेज दिबियापुर, राजकीय बालिका इंटर कालेज दिबियापुर आदि में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी यादव ने बताया कि विद्यालयों में मतदाताओं को जागरूकता कार्यक्रम 10 मई 2024 तक आयोजित किए जाएंगे।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे भवन संख्या 162, ई.डब्लू.एस. स्वर्ण जयंती विहार के आवंटन फार्म में पिता का नाम भूलवश लालजी पाल अंकित हो गया था, जो गलत है। मेरे पिता का सही नाम गंगासेवक है। जो कि सत्य है। भविष्य में कोई शिकायत होती है मैं सोनू पाल पुत्र गंगा सेवक खुद जिम्मेदार हूंगा। केडीए विभाग के कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं होगी। निवासी 9 B, संदीपनगर सनिगवां रोड कानपुर

मैंने अपने पुत्र विशाल सिंह राठौर उर्फ राहुल राठौर व पुत्रवधू ज्योति राठौर के गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेद कर चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किये गये कार्यों व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार व रिश्तेदारों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। आरती देवी पत्नी अरविन्द कुमार नि. H-1461, आवास विकास-1, केशवपुरम सत्यम विहार, कल्याणपुर कानपुर नगर

शराब छुड़ाएं

शराब व अन्य नशों से परेशान है,व्यक्ति की नशे की इच्छा खत्म करें। स्मैक,भांग,गांजा, तम्बाकू छुड़वाये। बिग्योर क्लीनिक लेखराज मार्केट-1,इन्दिरानगर, लखनऊ,पी.रोड,कानपुर,मो. 9839022550

क्या आप परेशान है?
3 घन्टे में अपनी समस्या का समाधान
तंत्र मंत्र और अलौकिक शक्तियों एवं सातों ईल्मों के सम्राट
अरमान जी PHD
बंगाली तांत्रिक
गृहक्लेश पति पत्नी अनबन शादी में रूकावट, लवमैरेज सौतन व दुश्मन से छुटकारा दवा न लगना, मुठकरणी मॉडलिंग गडाधन आदि
सभी जगह से निराश तुरन्त फोन करें काम न होने पर पैसे वापस
स्पे. वशीकरण, मुठकरणी
नोट: अगर किसी का पति, प्रेमी या बेटा किसी के वश में हो तो तुरन्त फोन करें
9811836407

Classifieds दैनिक जागरण
YOU CAN BOOK CLASSIFIED ADVT. OVER PHONE in Kanpur
For More Details Contact
0512-2334321

बिकाऊ

For sale 1000 sq yd built factory in bhauti, 5000 sq yd factory built up factory for sale in Panki site 2, Contact: 9839453248, 9997001540

आवश्यकता है नारायणा हॉस्पिटल, पनकी हेतु वार्ड बॉय, वार्ड आया और सफाई कर्मचारियों की, उचित वेतन तथा विजय नगर, फजलगंज तथा जरीब चौकी से आने व जाने की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। तुरन्त संपर्क करें मो. 9918601172

आवश्यकता है स्मार्ट फीमेल रिसेप्शनिस्ट (अकाउन्टेन्ट), पुरूष हेल्पर (साइकिल अनिवार्य) की सम्पर्क करें के. ब्लाक, किदवईनगर, कानपुर। मो. 8318818103, 8840304011

आवश्यकता है ऑटोमेटिक मर्सिडीस और फार्च्यूनर चलाने वाले ड्राइवर्स की। तुरन्त संपर्क करें मो. 9918601172

Required– Admission counsellors for Naraina Group of Institutions, Panki both male & female with attractive personality & good communication skills. salary will be between 20–40 k. Contact–9918601153 email: hr@narainagroup.net

आवश्यकता है FMCG फर्म में सेल्स / मार्केटिंग हेतु मेल फीमेल, बैक आफिस, कम्प्यूटर आपरेटर, टेलीकालर हैल्पर और डिलीवरी पर्सन की। जरीबचौकी, वाक इन इंटरव्यू आफ्टर कॉल मो. 8808066694

दैनिक जागरण क्लासीफाइड कम दाम, ज्यादा काम

आवश्यकता

आवश्यकता है नारायणा हॉस्पिटल, पनकी हेतु वार्ड बॉय, वार्ड आया और सफाई कर्मचारियों की, उचित वेतन तथा विजय नगर, फजलगंज तथा जरीब चौकी से आने व जाने की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। तुरन्त संपर्क करें मो. 9918601172

Required– Admission counsellors for Naraina Group of Institutions, Panki both male & female with attractive personality & good communication skills. salary will be between 20–40 k. Contact–9918601153 email: hr@narainagroup.net

आवश्यकता है FMCG फर्म में सेल्स / मार्केटिंग हेतु मेल फीमेल, बैक आफिस, कम्प्यूटर आपरेटर, टेलीकालर हैल्पर और डिलीवरी पर्सन की। जरीबचौकी, वाक इन इंटरव्यू आफ्टर कॉल मो. 8808066694

ADVANCE INSTITUTE OF BIOTECH & PARAMEDICAL SCIENCES
ADVANCE COLLEGE OF EDUCATION
ADMISSIONS OPEN
B.PHARM M.PHARM D.PHARM
Approved By PCI AKTU AICTE
JEECUP रजिस्ट्रेशन निःशुल्क
G.T. ROAD, NARAMAU, KANPUR
M. : 9415040326, 9450803272
advancecolleges@gmail.com

College Codes : PCI- 3771 AKTU-1014, BTE-3030
RADHA KRISHNA College of Pharmacy
Barra-8, Kanpur
B. PHARM D. PHARM
इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण छात्रों के लिए
बी0 फार्म
प्रथम वर्ष के वार्षिक शुल्क में 50% की छूट दी जा रही है।
यह छूट 15 मई तक मान्य है।
9151315203 8573000552 Campus Selection Minimum Fees

VIDYA BHAVAN COLLEGE OF PHARMACY
Approved by Pharmacy Council of India
Affiliated to Board of Technical Education, UP
Affiliated to AKTU, Lucknow, UP
Rautapur, Chaubeypur, Kanpur
(4 Km. mile stone at Chaubeypur Shivli Road)
COUNSELLING GUIDANCE For ADMISSION
B. Pharma AKTU CODE - 1139
D. Pharma (Allopathic) BTE CODE - 3399
8009270050 7651933188
CITY OFFICE: A-7, 117/130, Sarvodaya Nagar, Kanpur

पॅ० आर.के. शुक्ला कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया द्वारा मान्यता प्राप्त
प्राविधिक शिक्षा परिषद से सम्बद्ध
PCI Code: 1633
BTE Code: 3038
D.Pharma
DIPLOMA IN PHARMACY
A UNIT OF PT. R.K. SHUKLA GROUP OF COLLEGES
अमिलिहा, निकट मंधना, कानपुर नगर
- City Office Contact -
8528982732

सार्वजनिक नोटिस

"तिर्वा ट्रांसमिशन लिमिटेड" जिसका पंजीकृत कार्यालय दूसरी मंजिल, निर्यात भवन, राव तुलाराम मार्ग, वसंत विहार, आर्मी हॉस्पिटल एंड रेफरल के सामने, नई दिल्ली-110057 है, ने बिजली के पारेषण के लिए विद्युत लाइनें या विद्युत संयंत्र लगाने के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 कीधारा 164 के तहत सभी शक्तियां प्रदान करने के लिए भारत सरकार को आवेदन करने का इरादा रखता है/आवेदन किया है। बिजली के पारेषण के लिए या टेलीफोन या टेलीग्राफिक संचार के प्रयोजन के लिए विद्युत लाइनें या विद्युत संयंत्र लगाने के लिए कार्यों के उचित समन्वय के लिए आवश्यकहै जो टेलीग्राफ प्राधिकरण के पास भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के तहत टेलीग्राफ लाइनों को रखने के संबंध में है और टेलीग्राफ के प्रयोजन के लिए सरकार द्वारा स्थापित या बनाए रखा जाने वाला या स्थापित या बनाए रखा जाने वाला पोस्ट सर्वेक्षण, निर्माण, स्थापना, निरीक्षण, निर्माण और कमीशनिंग, संचालन, रख रखाव और अन्य कार्यों के बाद सर्वेक्षण, निर्माण, स्थापना, निरीक्षण, निर्माण और अन्य कार्य करेगा।

ट्रांसमिशन योजना का नाम: तिर्वा ट्रांसमिशन लिमिटेड
योजना के अंतर्गत शामिल कार्य:

क्र.सं.	ट्रांसमिशन योजना का दायरा	क्षमता/ किमी
1	टीएचडीसी 2×660 मेगा वाट खुर्जा पावर प्लांट में 400 केवीडी/सी (द्विनमूस) शामली-अलीगढ़ लाइन के एकस किंटका LILO	12 KM (Approx)
2	220kV मैनपुरी (220) का LILO - 220kV तिर्वा सबस्टेशन पर भौती पीजी (400) एस/सीलाइन	12 KM (Approx.)
3	220kV तिर्वा सबस्टेशन पर 132kV दिबियापुर-बिधूना S/C लाइन का LILO	29 KM (Approx.)
4	220/132/33kV उप केन्द्र का निर्माण, तिर्वा (कन्नौज) 2X160 एमवीए आईसीटी +2X63 एमवीए आईसीटी	(i)220केवी 160एमवी एआईसीटी बे- 02 नग (ii) 132केवी 160एमवी एआईसीटी बे- 02 नग (iii) 132केवी 63एमवी एआईसीटी बे- 02 नग (iv) 33kV 63 MVA ICT बे- 02 नग (v) 220kV बे: फीडर बे- 02 नग, बस कपलर बे- 01 नग, ट्रांसफर बस बे- 01 नग (vi) 132 केवीबे: फीडर बे- 02 नग, बस कपलर बे- 01 नग, ट्रांसफर बस बे-0 1 नग (vii) 33 केवी बे: फीडर बे - 10 नग। ट्रांसफर बस कपलर बे - 01 नग

इस योजना के अंतर्गत शामिल ट्रांसमिशन लाइनें निम्नलिखित गांवों, कस्बों और शहरों के बीच से होकर गुजरेंगी:-
परियोजना का नाम: तिर्वा ट्रांसमिशन लिमिटेड

ग्राम सूची

1. टीएचडीसी 2×660 मेगावाट खुर्जा पावर प्लांट में 400 केवीडी/सी (द्विनमूस) शामली-अलीगढ़ लाइन के एक सर्किट का लिलो

क्र.सं.	जिला	तहसील	गांव
1	बुलन्दशहर	खुर्जा	जटोला, बाघू, गंगावली, ग्वोरौलीभोजगढ़ी, नगलिया उदयभान, रसूलपुर, जहानपुर, साबितगढ़, पिलखनहारी, फरकना गंगागढ़ी.

2. 220kV मैनपुरी (220) का LILO - 220kV तिर्वा सबस्टेशन पर भौती पीजी (400) एस/सीलाइन

क्र.सं.	जिला	तहसील	गांव
1	कन्नौज	तिर्वा	पट्टी, सरहदी, खुर्दपुर, भरतपुर, खामा, मलगवां, तिलसरा, सिंहपुर, खैरनगर, खानपुर, बेहरापुर, कुढिहना, मोहब्बतपुर, सांडा, मथेकपुरा, बंजरहार.

3. 220kV तिर्वा सबस्टेशन पर 132kV दिबियापुर-बिधूना S/C लाइन का LILO

क्र.सं.	जिला	तहसील	गांव
1	कन्नौज	तिर्वा	मुगारा, कुढिहना, तिर्वा
2	औरैया	बिधूना	बड़कापुरवा, पिपरौलिया, पुरवाखगन, हरबंसपुर, पुरवा सोमबंसी, पुरवादलाहार, पुरवाहीरामन, पुरवाभीम, पटना बेला, सुजानपुर, सुजानपुरवा, दौलतपुर, चिरौली, निमहार, करौली, बेला, दहनांग, खानपुर, फतेहपुर, नवादादांदू, बंसई, बरेराहार, मलहुसी, बंदरियापुर, फकीरेपुरवा.

लाइन रूट संरेखण की प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध है।जनसाधारण को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से दो महीने के भीतर 22.06.2024 से पहले लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तावित ट्रांसमिशन सिस्टम पर अवलोकन/अभ्यावेदन देने के लिए नोटिस दिया जाता है। अधिक विवरण और स्पष्टीकरण के लिए कृपया संपर्क करें:

एम. रघुकुमार (निदेशक)
दूसरी मंजिल, निर्यात भवन, रावतुलाराम मार्ग,
वसंत विहार, आर्मी हॉस्पिटल एवं रेफरल के सामने, नई दिल्ली-110057
ईमेल: info@ttl.in.net, फ़ोन नंबर+91-11-2614077,
फैक्स: +91-11-41052064, Mob: 8790994621 / 9676404605

दिनांक : 23.04.2024